# प्रदेशभर से जयपुर घेराव के लिए उमड़ रहा किसानों का भारी हुजूम

- फसलों का समर्थन मूल्य और उपज खरीद का कानून बनाने की मांग
- यमुना नदी का पानी जयपुर, सीकर व नागौर जिलों में पहुंचाने और वर्ष 1994 के समझौते की पालना की मांग प्रमुख

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसल खरीद की गारंटी का कानून लाने एवं अन्य मांगों को लेकर किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के नेतृत्व में किसानों की पांच दिवसीय यात्रा अपने ठहराव स्थानों से आज दूसरे दिन जयपुर कूच के लिए आगे बढ़ी।

पांच दिवसीय यह यात्रा जयपुर कूच के लिए शुक्रवार को विभिन्न पांच स्थानों से शुरु हुई जो अपने पहले दिन के ठहराव के बाद सुबह फिर शुरु हुई । इसमें दूदू-जयपुर मार्ग पर मोहकमपुरा, नाइन एवं दौसा जयपुर मार्ग पर जटवाड़ा तथा सीकर जिले के श्रीमाधोपुर से आरंभ हुई यात्रा का भरणी में ठहराव के बाद किसानों की यह यात्रा जयपुर के लिए प्रस्थान किया।

इसी तरह टोंक जयपुर मार्ग पर निवाई कृषि उपज मंडी से आरंभ हुई यात्रा कोथुन कस्बे में ठहराव के बाद आगे बढ़ी। यात्रा में राजस्थान के संयोजक किसान महापंचायत सत्यनारायण सिंह कोटा, बारां, बूंदी एवं झालावाड़ के प्रतिनिधियों के साथ यात्रा में चल रहे हैं। दूदू जयपुर मार्ग पर जिला न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त किशन गुर्जर अजमेर एवं किशनगढ़ के वकीलों के साथ इस यात्रा में शामिल है। मोहकमपुरा से आरंभ होने के बाद पंचायत समिति दूदू के पूर्व प्रधान राम सारण यात्रा में सम्मिलित हुए। सीकर जयपुर मार्ग पर यात्रा में प्रदेश महामंत्री एवं सरपंच सुंदर भंवरिया पद यात्रियों के समूह के साथ में है।

इसी प्रकार दूदू जयपुर के मार्ग पर प्रदेश महामंत्री जगदीश नारायण जिला महामंत्री नंदलाल मीणा दूदू उपखंड के अध्यक्ष राम गोपाल गुर्जर अजमेर जिले से औराई क्षेत्र के भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष प्रहलाद जाट अजमेर के अन्य किसानों के साथ इस यात्रा में पैदल चल रहे हैं। दौसा जयपुर मार्ग पर प्रदेश मंत्री बत्ती लाल बेरवा युवा प्रदेश महामंत्री पिंटू यादव एडवोकेट सवाई माधोपुर जिले से घनश्याम मीणा यात्रा चल रहे है।



किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के नेतृत्व में किसानों की पांच दिवसीय यात्रा अपने ठहराव स्थानों से शनिवार को दूसरे दिन जयपुर कूच के लिए आगे बढ़ी।

किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने बताया कि किसानों की प्रमुख मांगों में न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी कानून, यमुना का पानी से जयपुर, सीकर, नागौर जिलों में पहुंचाना एवं वर्ष 1994 के समझौते की पालना, पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को पूर्ण करने के लिये लागत का बजट में आवंटन करते हुए 13 जिलों के सभी बांधों एवं नदियों को जोड़ने, परवन बहुउदेशीय सिंचाई परियोजना सहित ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिये संकल्प लाने एवं आपदाओं से नष्ट हुई फसलों के लिए जितना नुकसान – उतनी भरपाई के आधार पर सहायता प्रदान करना शामिल है।

## सिटी पार्क में गुलाब प्रदर्शनी आज लगेगी

**जयपुर** (कासं)। रविवार का दिन जयपुर का हॉट डेस्टिनेशन बन चुके सिटी पार्क और यहां आने वाले आगंतुकों के बेहद खास होगा। पार्क में द रोज सोसाइटी ऑफ राजस्थान की ओर से 48वें रोज शो-2023 का आयोजन किया जा रहा है।

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि देश-दुनिया में मशहूर हो चुका सिटी पार्क रविवार को 400 किस्म के गुलाबों की खुशबू से गुलजार रहेगा। द रोज सोसाइटी ऑफ राजस्थान की ओर से 48वां रोज शो न केवल स्थानीय बल्कि आने वाले सभी पर्यटकों का दिल जीत लेगा। शो के अलावा पार्क में रविवार को ही राजस्थानी लोक नृत्य सहित कई अन्य आकर्षण भी होंगे। अरोड़ा ने बताया कि आमजन में सिटी पार्क की लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सोसायटी ने हर वर्ष फरवरी माह में होने वाले रोज शो को सिटी पार्क में ही आयोजित करने का मानस बना लिया है। उन्होंने बताया कि शो में आमजन भी उन्नत किस्म के गुलाब की कलम के साथ हिस्सा ले सकते हैं। अच्छे गुलाबों की किस्मों को सम्मानित भी किया जाएगा। इसके अलावा पेंटिंग कंपटीशन सहित कई अन्य रचनात्मक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। आयुक्त ने बताया कि मुख्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी।

## सार-समाचार

### तबले पर चला उंगलियों का जादू




**जयपुर** (कासं)। नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को उभरते युवा तबला कलाकार मानवेंद्र डांगी ने अपनी उंगलियों का ऐसा जादू चलाया कि दर्शक वाह-वाह कर उठे। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा ने बताया कि कलाकार मानवेंद्र डांगी ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत ताल-तीन ताल में एकल तबला वादन कर लोगों का आशीर्वाद पाया। इसके पश्चात उन्होंने फ्रेश बंदी, पेशकार, अलग-अलग घरानों के कायदे, द्रुत लय में त्रिपल्ली-चौपल्ली पेश की। इसके बाद मानवेंद्र ने धा तिट धाधा तिट के बाद रेला, गत तिल्ली, फरमाइशी चक्रधार गत, बजाकर लोगों की वाहवाही लूटी। मानवेंद्र ने तबले की प्रारंभिक शिक्षा अपने पिता और गुरु जो कि एक जाने-माने तबला वादक हैं, महेंद्र शंकर डांगी से ली। उन्हें बचपन से ही संगीत का माहौल मिला। इनके साथ हारमोनियम पर महेंद्र शंकर डांगी ने असरदार संगत कर कार्यक्रम को ऊंचाईया दी। कार्यक्रम का संचालन जीवितेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्रकाश व्यवस्था तपेश शर्मा, कैमरा अनिल मारवाड़ी, मंच सज्जा जितेंद्र शर्मा, सागर एवं अंकित शर्मा नोनू की रही।

### सांगानेर कन्या कॉलेज के लिए बजट

**जयपुर** । मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजकीय कन्या महाविद्यालय, सांगानेर के भवन निर्माण के लिए 2.43 करोड़ रुपए के अतिरिक्त बजट प्रावधान को मंजूरी दी है। इस राशि सहित महाविद्यालय का निर्माण अब कुल 6.93 करोड़ रुपए की लागत से होगा। गहलोत की इस स्वीकृति से महाविद्यालय के लिए आवंटित भूमि में भवन निर्माण के लिए अतिरिक्त मिट्टी भराई, फुटिंग एवं कॉलम संबंधी कार्य हो सकेंगे। यह महाविद्यालय सांगानेर क्षेत्र में टोंक रोड बम्बाला पुलिया के पास बनेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा वर्ष 2022-23 में राजकीय कन्या महाविद्यालय, सांगानेर सहित 36 कन्या महाविद्यालयों के भवन निर्माण हेतु प्रति महाविद्यालय 4.50 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई थी। राजकीय कन्या महाविद्यालय, सांगानेर की अतिरिक्त आवश्यकता के दृष्टिगत 2.43 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बजट स्वीकृत किया गया है।

### गिरिराज खंडेलवाल बने सहवृत सदस्य



**जयपुर** (कासं)। कांग्रेस नेता गिरिराज खंडेलवाल को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का सहवृत सदस्य ( पीसीसी मैंबर) बनाया गया है। खंडेलवाल जयपुर नगर निगम के कांग्रेस पार्षद दल के पूर्व मुख्य सचेतक और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भी रहे हैं। विगत 38 साल से कांग्रेस के सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता रहे गिरिराज खंडेलवाल करीब 12 वर्ष तक प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव के पद पर रहे हैं। कांग्रेस संगठन चुनाव में उन्हें हिमाचल प्रदेश में डीआरओ भी नियुक्त किया गया था। गिरिराज खंडेलवाल शीर्ष व्यापारिक संस्था फोर्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं, साथ ही अनेक खेल संगठनों के पदाधिकारी भी हैं। उन्हें पीसीसी मेंबर बनाने पर फोर्टी संस्था और विभिन्न खेल संगठनों के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

### रामानंदाचार्य के दर्शन पर मंथन कल

**जयपुर** (कासं)। जाति-पांति के बंधन तोड़ महात्मा कबीर और संत रविदास जैसी आध्यात्मिक विभूतियों के प्रेरक जगद्गुरु रामानंदाचार्य के दार्शनिक संसार पर मंथन के लिए सैंकड़ों विशेषज्ञ सोमवार से जयपुर में जुटेंगे। नई दिल्ली के भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद और राजस्थान संस्कृत अकादमी के सहयोग से जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में 27 फरवरी से जगद्गुरु रामानंदाचार्य का दार्शनिक संसार विषय पर तीन दिनों की संगोष्ठी होगी। संगोष्ठी संयोजक दर्शन विभागाध्यक्ष शास्त्री कोसलेंद्रदास ने बताया कि देश के किसी भी विश्वविद्यालय में जगद्गुरु रामानंदाचार्य के दार्शनिक विमर्श पर पहली बार संगोष्ठी आयोजित हो रही है। संगोष्ठी में काशी, अयोध्या, पुणे और हरिद्वार के साथ ही रैवासा और त्रिवेणी के अनेक संत-महात्मा सम्मिलित होंगे। विभिन्न विश्वविद्यालयों के दर्शन, संस्कृत, हिंदी और इतिहास सहित दूसरे विभागों के शिक्षक एवं शोध छात्र संगोष्ठी में स्वामी रामानंद के दर्शन पर व्याख्यान, परिचर्चा और शोधपत्रों का वाचन करेंगे।

### खेलों में युवाओं के भविष्य पर चर्चा

**जयपुर** (कासं)। आदिशक्ति वुमन फाउंडेशन एवं मारवाड़ी इंटरनेशनल फैडरेशन की ओर से ''खेलों में भविष्य'' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । मारवाड़ी इंटरनेशनल फैडरेशन के संस्थापक महासचिव सीए विजय गर्ग ने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से बताया कि आने वाला समय खेलों में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी सुनहरे अवसर प्रदान करेगा, अगर महिलाएं आने वाले समय में खेलों को अपना भविष्य मानती है तो, उनको रोजगार के सुनहरे अवसर उपलब्ध होंगे एवं खेलों के माध्यम से महिलाएं वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बन सकती है। आदिशक्ति वूमेन फाउंडेशन के संस्थापक गंगोत्री चौहान ने बताया कि, आज इस कार्यशाला में जिन महिलाओं ने भाग लिया है वह महिलाएं खेलों में भविष्य की ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करेगी और यह सभी प्रतिभागी अपने-अपने जिलों में जाकर वहां की स्कूल, कॉलेज एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करेगी और उन कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं को खेलों के माध्यम से जोड़ा जाएगा। क्रिकेट प्लेयर जसिया अख्तर ने बताया कि, विमेन आईपीएल आने के बाद महिलाओं को भी क्रिकेट में और अधिक मौके मिलेंगे एवं जो महिलाएं अगर किसी कारण से नेशनल क्रिकेट टीम मैं नहीं जा पा रही उसके बावजूद भी क्रिकेट की सैकड़ों प्रतियोगिताएं जिला स्तर, प्रदेश स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर होती रहती है उसके अलावा विभिन्न लीगो के माध्यम से वे क्रिकेट में अपना भविष्य बना सकती है।

### शिवसेना की कार्यकारिणी घोषित

**जयपुर** (कासं)। शिवसेना राजस्थान की ओर से आतिश गर्ग को राजस्थान प्रदेश का उप राज्य प्रमुख मनोनीत किया गया है। शिवसेना के राज्य प्रमुख लखन सिंह पंवार ने बताया कि सेना की राजस्थान इकाई की ओर से रविवार को नवीन पदाधिकारियों की कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। शनिवार को मेट्रो स्टेशन मानसरोवर मेट्रो स्टेशन के सामने पद्मावती कॉलोनी स्थित प्रदेश कार्यालय पर सेना की कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। इस मौके पर नवनियुक्त उप राज्य प्रमुख आतिश गर्ग ने बताया कि राजस्थान में आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव को देखते हुए शिवसेना तेजी से अपना जनाधार बढ़ाएगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों में ललित सक्सेना राजस्थान युवा सेना प्रभारी, एडवोकेट राकेश गुप्ता प्रभारी विधि प्रकोष्ठ, एडवोकेट विष्णु मोहन जयसवाल को विधि प्रकोष्ठ के राज्य प्रमुख, अभिषेक शर्मा महासचिव, डॉ रवि जांगिड़ को आईटी सेल के राज्य प्रमुख, जयपुर महिला प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष कुसुम बंसल, जिला संयोजक संजीव बंसल, परितोष भास्कर महासचिव आईटी सेल, राम सिंह शेखावत को युवा प्रकोष्ठ का राज्य प्रमुख, सुरेंद्र सिंह शेखावत को राज्य मुख्यसचिव, महिपाल सिंह राठौड़ को सचिव नियुक्त किया गया है। पदाधिकारियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश भर में शिवसेना की और से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### युवा-महोत्सव 26 से 28 फरवरी तक

**जयपुर**, (कासं)। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर में 26 से 28 फरवरी तक त्रिदिवयीय युवा माहोत्सव का भव्य समायोजन किया जायेगा । इस माध्यम क्षेत्रीय युवा-महोत्सव में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, हरियाणा एवं राजस्थान इन प्रदेशों के विविध विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के संस्कृतयुवाओं के सात दल एवं लगभग 200 युवा विविध प्रतियोगिताओं में सहभागिता करेंगे। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी के संरक्षकत्व में आयोजित होने वाले इस भव्य युव-महोत्सव का उद्घाटन समारोह कल दिनांक 26 फरवरी को रविवार को प्रातः 9.00 बजे परिसर के खेल मैदान में होगा। जयपुर एण्टी -करेप्शन ऑफ ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक श्री योगेश दाधीच कार्यक्रम के मुख्यातिथि, कुश्ती के अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी संजीव मलिक विशिष्टातिथि तथा जयपुर परिसर के निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा अध्यक्षता करेंगे।

## संक्षिप्त

### बदमाशों ने युवक का मोबाइल छीना

**जयपुर** । मुरलीपुरा में बाइक सवार बदमाश थाने के सामने एक युवक का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया रामेश्वर धाम, बोयतावाला निवासी रूपीन सोनी 24 फरवरी की रात करीब 10 बजे मुरलीपुरा थाने के सामने से जा रहा था। इस दौरान बाइक सवार बदमाश उसका मोबाइल छीन ले गए। वहीं, बनीपार्क इलाके में बदमाश कलेक्ट्री सर्किल पर 24 फरवरी की सुबह करीब साढ़े छह बजे लखनऊ से आई बस से नीचे उतरे हिमांशु गर्ग का मोबाइल छीन ले गए। उधर, चित्रकूट इलाके में 24 फरवरी की दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने आदित्य विहार में घर के पास सुमित्रा देवी (60) से सोने की चेन तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन नाकाम रहे। हमले में सुमित्रा देवी नीचे गिर कर घायल हो गई।

### भौम्याजी महाराज का फागोत्सव 5 को

**जयपुर** (कासं)। जयपुर नाटाणी परिवार की ओर से त्रिपोलिया बाजार में मनिहारो का रास्ता स्थित भौम्याजी महाराज मंदिर में 5 मार्च को फागोत्सव व भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा। आयोजक त्रिलोक नाटाणी व विकास नाटाणी ने बताया कि 250 वर्षो से अधिक पुराना भौम्याजी महाराज के दरबार में श्रृंगार, इत्र, पुष्प वर्षा एवं धमाल का आनन्द उठाएंगे। साथ ही प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजनों के गायन के साथ फागोत्सव व भजन संध्या का शाम 6 बजे से शुभारम्भ किया जायेगा। गोविन्द नाटाणी ने बताया कि फागोत्सव एवं भजन संध्या में जयपुर शहर के विधायक व पार्षद शिरकत करेंगे। फागोत्सव एवं भजन संध्या का समापन रात्रि 10 बजे महाआरती का आयोजन के पश्चात किया जायेगा एवं प्रसादी का वितरण एवं आयोजन किया जायेगा।

### ज्वैलरी शॉप से जेवर चोरी

**जयपुर** । माणक चौक इलाके में चोर एक ज्वैलर्स शॉप में चोरी की वारदात कर फरार हो गए। पुलिस ने बताया एमएसबी का रास्ता निवासी दिनेश जैन की घर के पास ही भगवती ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। घटनाक्रम के मुताबिक 23 फरवरी की रात चोर दुकान का शटर ऊंचा कर अंदर घुसे और गल्ले में रखी नकदी 40 हजार रूपए, सोने-चांदी के आभूषण सहित 5 हजार रूपए के फटे पुराने नोट चुरा ले गए। वहीं, चोर कानोता क्षेत्र में कृष्ण विहार कॉलोनी स्थित मुकेश के मकान में 18 फरवरी की रात घुस कर 60 हजार की नकदी, जेवरात, एलईडी, सिलेंडर सहित 5 किलो घी चुरा ले गए।

### हादसे में बाइक सवार की मौत

**जयपुर** । खोह नागोरियान इलाके में एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। थानाधिकारी मनोहर लाल ने बताया घटना 23 फरवरी की आगरा रोड स्थित राजेश कोच के पास की है, जहां एक पिकअप चालक ने तेज रफ्तार में बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार प्रेम चंद निवासी गांव साऊं ध्यावणा, जमवारामगढ़ की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## आर.एन.कुमावत बने जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक

**जयपुर** । राज्य सरकार के आदेश ने आर.एन.कुमावत ने शनिवार को जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक का पदभार संभाल लिया। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति, शत प्रतिशत राजस्व वसूली और छीजत घटाना मेरा लक्ष्य है।

कुमावत ने राज्य सरकार द्वारा दी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बजट में की गई घोषणाएं समय पर लागू हो और उपभोक्ताओं को ऊर्जा विभाग की विभिन्न योजनाओं का पूरा लाभ मिले, इसके लिए विशेष प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों को कृषि कार्य के लिए निर्बाध रुप से तय समय के अनुसार पूरी बिजली मिले और कृषि कनेक्शन जारी करने के कार्य को गति प्रदान करके लम्बित कृषि कनेक्शनों को समय पर जारी करने के लगातार प्रयास किए जाएंगे।

## केडिया सेजस्थान की कोठी और फ्लैट्स को लेकर लोगों में उत्साह

### अजमेर रोड पर 50 बीघा में फैले इस प्रोजेक्ट में 800 विलाज व वॉक-अप अपार्टमेंट्स हैं

**जयपुर** (कासं)। 'केडिया सेजस्थान' में बड़ी-बड़ी कोठी और बड़े-बड़े फ्लैट्स आमजन को बेहद पसंद आ रहे हैं। इस प्रोजेक्ट की स्ट्रैटिजिक लोकेशन और कीमतों के कारण लोगों में भारी उत्साह है। ज्ञात रहे कि जयपुर में अजमेर रोड पर ये प्रोजेक्ट 50 बीघा में फैला है। इसके तीनों तरफ 200 फीट और 100 फीट चौड़ी रोड है, जो इसकी बड़ी खासियत है। 'केडिया सेजस्थान' के एक तरफ ओमेक्स सिटी तो दूसरी तरफ एमआर ग्रुप की जयपुर ग्रीन जैसी बड़ी टाउनशिप हैं।

'केडिया सेजस्थान' में भव्य जीवन शैली देने के लिए कुल 800 विलाज और वॉक-अप अपार्टमेंट्स हैं। यहां लोगों की दैनिक जरूरतों के लिए एक बड़ा कमर्शियल मार्केट सेजस्थान बाजार भी बनाया गया है, जिसमें दुकानों की कीमत क्रमशः 15,20 व 25 लाख है। इनकी साइज 1025 फीट है।

इसी प्रकार वॉक-अप अपार्टमेंट्स की कीमत मात्र 45 लाख से शुरू है, जिसके आगे की तरफ रोड तथा पीछे की तरफ गार्डन है। दो हजार स्क्वायर फीट वाली कोठी बिग की कीमत 60 लाख, 2325 स्क्वायर फीट वाली कोठी बिगर की कीमत 70 लाख है। जबकि सबसे बड़ी 4 बीएचके कोठी, जो 3200 स्क्वायर फीट में बनी है, उसकी कीमत एक करोड़ रुपये है। इसमें भी आगे की तरफ रोड तथा पीछे की तरफ गार्डन है। इस कारण यह रीयल एस्टेट इंडस्ट्री एक यूनिक प्रोडक्ट है। बताया जा रहा है कि 'केडिया सेजस्थान' में उत्कृष्ट और स्वस्थ लाइफस्टाइल के लिए काफी बड़ा एरिया ग्रीन रखा गया है, जिसमें कुल 60 एमेनिटीज दी गई है, जो आकर्षण का प्रमुख केन्द्र है।



## क्षत्रिय समाज के 300 से ज्यादा उद्यमियों ने जयपुर में किया मंथन

**जयपुर** (कासं)। श्री क्षत्रिय युवक संघ के आनुषंगिक संगठन श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में क्षत्रिय इकोनॉमिक फोरम का कार्यक्रम शनिवार को जयपुर में आयोजित हुआ।

जिसमें राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, तेलंगाना व दिल्ली समेत कई राज्यों के उद्योग क्षेत्र से जुड़े 300 से ज्यादा समाजबंधुओं ने शिरकत की। इन लोगों ने अपने-अपने व्यवसाय, स्टार्टअप और समाज की एकजुटता के लिए सामूहिक रूप से चर्चा व मंथन किया। फोरम में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यशाला चली जिसमें कई सत्रों का आयोजन हुआ एवं आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई। श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक भगवान सिंह रोलसाहबसर ने कहा कि मातृशक्ति को हमें प्रत्येक क्षेत्र में आगे लाना चाहिए। संघ में इसी कारण बालिका शिविर, दंपति शिविर, तीर्थ यात्राएं करवाई जाती है। हम सब दूसरों को न देखकर स्वयं को देखना शुरू करें,स्वयं में डुबकी लगाए, आत्मचिंतन करे। प्रताप फाउंडेशन के संरक्षक महावीर सिंह सरवड़ी ने कहा कि संगठन में शक्ति है। संगठन की सफलता के पांच सूत्र है संपर्क, समझ,सहयोग, सशक्तिकरण व सेवाभाव। संपर्क पहला कदम है। हीरक जयंती की चर्चा देश के बाहर विदेश में भी है। इससे हमे अनुशासन सीखना चाहिए। लोग कह रहे थे कि कोई मांग नही थी हीरक जयंती में, पर भगवान सिंह रोलसाबसर ने मंच से कहा था कि "भगवान ने मुझे जो दिया वो आप सबको भी मिले।" जरूरतमंद की सेवा करे। क्षत्रिय इकोनॉमिक फोरम को एमएनआईटी के प्रोफेसर डॉ. अजयपाल सिंह, लीडिंग ज्वैलरी डिजाइनर सुनीता शेखावत, जॉस्टल पोर्टल के चेतन सिंह चौहान व वुडन स्ट्रीट के लोकेन्द्र सिंह राणावत ने भी संबोधित किया।

## हथियार लेकर घूम रहे पांच बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े

**जयपुर** (कासं)। करणी विहार पुलिस ने दो बदमाशों को अवैध हथियार लेकर घूमते हुए गिरफ्तार किया है और उनके पास से एक देसी पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और लूट की एक कार बरामद की। पुलिस ने आरोपियों के तीन अन्य साथियों को भी धर-दबोचा है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम वंदिता राणा ने बताया कि करणी विहार पुलिस ने आरोपी विष्णु सिंह उर्फ बल्लू (22) निवासी लोसल जिला सीकर और दिनेश भुरानी (21)निवासी सेडवा बाड़मेर को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से अवैध हथियार एक देशी पिस्टल,पांच जिंदा कारतूस बरामद किया है। इसके अलावा उनके तीन अन्य साथी बलवीर सिंह(20) निवासी रायपुर जिला पाली,गिरधारी सिंह(26) निवासी बगड़ी नगर जिला पाली और जीवन सिंह (25)निवासी बगडी नगर जिला पाली को भी गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपित विष्णु सिंह उर्फ बल्लू राजपुरा ने जब्तशुदा हथियार दिनेश भुरानी से खरीदा था। वहीं आरोपित दिनेश भुरानी ने मध्यप्रदेश में मनाहवर नामक स्थान से एक से ज्यादा अवैध हथियार पूर्व में खरीदकर लाने और बेचना स्वीकार किया है।

## कश्मीर में आतंकवाद है, लेकिन सारे कश्मीरी आतंकवादी नहीं है : लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लो

### लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लो की पुस्तक 'कितने गाजी आए, कितने गाजी गए' का विमोचन हुआ

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान पुलिस अकादमी ऑडिटोरियम में शनिवार शाम को लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. टाइनी ढिल्लो की पुस्तक 'कितने गाजी आए कितने गाजी गए' का विमोचन किया गया। लेफ्टिनेंट जनरल ए.एस.भिंडर एवं पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने पुस्तक का विमोचन किया।

मिश्रा ने जनरल टाइनी ढिल्लो की पुस्तक लांच के लिए राजस्थान पुलिस अकादमी के चयन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने जनरल टाइनी के लेखन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी पुस्तक में देश के प्रति प्रेम व विभिन्न सुरक्षा बलों के मध्य आपसी समन्वय की महत्ता प्रतिपादित की गई है। उन्होंने पुस्तक में पुलिस अधिकारियों द्वारा किये गए उल्लेखनीय कार्यों को भी रेखांकित किया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अस्मिता को संजोए रखने के लिए विभिन्न सुरक्षा बलों के मध्य सामंजस्य व एक दूसरे के प्रति समझ आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक युवाओं को सैन्य बलों व राष्ट्रीयता के प्रति प्रेरित करेगी।

लेफ्टिनेंट जनरल ए.एस. भिंडर ने लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. ढिल्लो के साथ अपने एनडीए से प्रारम्भ अनुभव साझा किए व उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। पुस्तक का विमोचन राजस्थान पुलिस अकादमी रजत बुक कॉर्नर और पेंगुइन इंडिया द्वारा किया गया।




लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. टाइनी ढिल्लो की पुस्तक 'कितने गाजी आए कितने गाजी गए' का विमोचन शनिवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में लेफ्टिनेंट जनरल ए.एस. भिंडर व पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने किया।

पुस्तक विमोचन के बाद लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लो और मोहित बत्रा के बीच पुस्तक व श्रोताओं से प्रश्नोत्तर पर सैशन आयोजित किया गया। ढिल्लो ने बताया कि अपने एनडीए से सैन्य जीवन एवं विशेष रूप से कश्मीर में आतंकवादियों के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों के परिप्रेक्ष्य में पुस्तक 'कितने गाजी आए कितने गाजी गए' की रचना की गई है। पुस्तक लेखन का प्रारम्भिक मुख्य उद्देश्य युवाओं को सैन्य जीवन के बारे में परिचय देना था। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही इस पुस्तक का हिंदी अनुवाद प्रकाशित होगा। उनकी अगली पुस्तक लीडरशिप पर आधारित होगी।

उन्होंने सवालो के जवाब में कहा कि कश्मीर में आतंकवाद है लेकिन सारे कश्मीरी आतंकवादी नहीं है। सामान्य कश्मीरी भले एवं अच्छे मेहमान नवाज़ है। आर्टिकल 370 कश्मीर के भारत में विलय के समय 1947 में नहीं बल्कि 1949 में अस्तित्व में आया था। आर्टिकल 370 व 35ए का संबंध किसी धर्म विशेष से सम्बंधित नहीं है। उन्होंने सैन्य अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों के पीछे उनकी पत्नियों के त्याग को भी रेखांकित किया। रजत बुक कॉर्नर के मोहित बत्रा ने बताया कि प्रकाशन के एक सप्ताह में ही देश मे सर्वाधिक बिक्री वाली पुस्तक बन गई है। आरपीए निदेशक और महानिदेशक राजीव शर्मा ने अथितियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने स्वागत उदबोधन में पुस्तक के विषय वस्तु की भी जानकारी दी। अलका भटनागर ने पुस्तक लेखक लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लों का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। समारोह में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एस सेंगत्थिर व प्रशाखा माथुर, सेवानिवृत्त डीजीपी बेंस सहित पुलिस सेवा तथा भारतीय सेना के अधिकारी मौजूद रहे।